HGH INDIA® 2022
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
July 12-15, 2022
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

NEWS 1

A TEXZONE Event
WWW.HGHINDIA.COM

Where business feels at home!

# मार्केट बूम्स, ट्रेड ज़ूम्स!

पिछले २ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य और स्वच्छता के डर पर काबू पाने के बाद, अब उपभोक्ता महामारी की बेड़ियों की जकड़न से बाहर आने लगे हैं, अधिक मांग तथा बेहतर बिक्री के साथ रिटेल मार्केट काफी बेहतर दिखाई देने लगा है। खास तौर पर होम केटेगरी में उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, और रिटेलर्स, ब्रांड्स, तथा मैन्यूफेक्चर्स की सोच सकारात्मक हो रही है।

समग्र रूप से, फर्निशिंग फैब्रिक्स, बेड और बाथ, मैट्रेसेस तथा पिल्लो, रग्स तथा अधिकांश अन्य होम टेक्स्टाइल्स के संबंध में लगातार पिछले तीन महीनों के दौरान कुछ विसंगतियों के साथ अच्छी बिक्री देखने को मिली है। कुछ रिटेलर्स के लिए तो यह उनके स्टोर की बिक्री का अब तक सबसे अच्छा समय रहा है। सनत पटेल, डायरेक्टर, विश्वेश टेक्स्टाइल्स, चेन्नई का कहना है कि ''इस वर्ष अक्तूबर से मार्च तक बहुत अच्छी बिक्री के बाद, अप्रैल और मई के महीनों में थोड़ी कम बिक्री का मूल कारण स्कूलों में छुट्टियां होना था और साथ ही लोगों को अपने घरों से बाहर निकल कर दो वर्षों के बाद सही ढंग से छुट्टियां मनाने का मौका मिलना था! इस मांग में जुलाई से फिर से बढ़ोतरी होगी तथा हम दीवाली पर बहुत अच्छी बिक्री की उम्मीद करते हैं।''

जयेश देढिया, डायरेक्टर, वन स्टॉप, मुम्बई में १० हाउसवेयर स्टोर की एक अग्रणी चेन, का कहना है, ''पिछले ७-८ महीनों के दौरान, मई के कुछ दिनों को छोड़ कर, जो साफ तौर पर छुट्टियों के कारण था, कारोबार अच्छा रहा है। मेरे विचार से कारोबार में तेजी आ रही है और हमें आशा है कि हम आने वाले दीवाली के सीज़न में बहुत अच्छा कारोबार कर पाएंगे।'' इसी तरह से सुलेमान हिरानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, दर्पण फर्निशिंग, हैदराबाद, भी बहुत उत्साही नज़र आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''संभवत: पिछले कुछ महीनों के इतिहास को अगर देखें, तो हमारा बिजनेस बहुत ही अच्छा रहा है। उपभोक्ता मांग बढ़ रही है। हालांकि, आपूर्ति एक बड़ी रुकावट है, क्योंकि आयात करना मंहगा और मुश्किल साबित हो रहा है। यदि हमारे स्टोर्स में और अधिक उत्पाद हैं और हम इनोवेशन की तरफ ध्यान दें, तो बिक्री और भी अधिक बढ़ सकती है।'' नीरव मेसवानी, डायरेक्टर, सरप्राइज़, मुम्बई आशावान और पॉजिटिव सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि ''हम रिटेल सेग्मेंट में बिक्री तथा फुटफॉल्स के नज़रिए से लगातार सामान्य स्थिति की बहाली'' देख रहे हैं। ये मानते हुए कि कुछ भी गलत नहीं होगा, मुझे उम्मीद है कि दीवाली तक के महीनों के दौरान अधिक से अधिक लोग होम सेक्टर में खर्च करेंगे तथा मौजूदा एचजीएच इंडिया शो इससे बेहतर समय में हो ही नहीं सकता था।''




मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, बैंगलूरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, लुधियाना, पुणे और इंदौर से मिलने वाली रिपोर्टों में भी अच्छे कारोबार के प्रति इस प्रकार के सेंटिमेंट्स को व्यक्त किया गया है। अनेक टियर २ तथा टियर ३ शहरों तथा टाउनों आदि में बेहतर बिक्री की रिपोर्ट मिली हैं क्योंकि सेमी-अर्बन उपभोक्ताओं द्वारा भी अपने घरों के लिए अब अधिक खर्च किया जाने लगा है। एचजीएच इंडिया के ११वें संस्करण, जिसका आयोजन १२-१५ जुलाई, २०२२ के दौरान इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा, उसकी काफी उत्सुकता से रिटेलर्स, वितरकों, थोक व्यापारियों और संस्थागत क्रेताओं द्वारा प्रतीक्षा की जा रही है ताकि वे अपने मौजूदा और नए आपूर्तिकर्ताओं से इनोवेटिव उत्पादों की नई आपूर्तियों को प्राप्त कर सकें।

अधिकांश रिटेलर्स के लिए आपूर्ति एक चुनौती बना हुआ है। कॉटन की बढ़ती कीमतें, फ्यूल की बढ़ती लागत, यूक्रेन युद्ध की स्थिति के कारण कच्चे और तैयार माल की अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तियों में बाधाओं, कंटेनर की बढ़ी हुई लागत, चीन से आने वाली आपूर्ति श्रृंखला में बाधा, इन सभी के कारण रिटेल दुकानों पर माल की उपलब्धता अस्थिर बनी हुई है और कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन सभी श्रेणियों के रिटेलर्स अपनी आपूर्ति लाइन्स को बनाए रखने के लिए इन चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ताकि उन्हें अपने स्टोर पर कारोबार और ग्राहकों को गंवाना न पड़े। अनेक रिटेलर्स तथा वितरकों ने भारत में आधारित आपूर्ति चेन का विकास करके आयातित प्रोडक्ट्स पर अपनी निर्भरता को कम करने का विवेकपूर्ण फैसला लिया है। गुणवत्ता में बहुत अधिक सुधारों तथा भारतीय ब्रांड्स और मैन्यूफैक्चर्स द्वारा बढ़ते डिज़ाइन इनोवेशन्स के परिणामस्वरूप भी इस प्रक्रिया में सहायता प्राप्त हो रही है। एचजीएच इंडिया २०२२ व्यापार के लिए कई इनोवेटिव उत्पादों की जानकारी प्राप्त करने और फर्निशिंग फैब्रिक्स, ब्लिंड्स, बेड तथा बाथ, डेकोरेटिव मेड-अप्स, टेबल और किचन लिनेन, रग्स, तथा कारपेट्स, वॉलपेपर, वुडन और सिंथेटिक फ्लोरिंग्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, हस्तशिल्प, होम फर्नीचर, आउटडोर लाइफस्टाइल, हाउसवेयर, किचनवेयर, कुकवेयर, ग्लासवेयर, टेबलवेयर, प्लास्टिक उत्पाद, बच्चों के होम उत्पाद और अनेक प्रकार के उपहार जैसी श्रेणियों में उनकी आपूर्ति को स्थिर करने का एक अच्छा अवसर होगा। ४०० से अधिक ब्रांड्स और ३० देशों के मैन्यूफैक्चर्स तथा पूरे भारत में सभी अग्रणी प्रोडक्शन तथा निर्यात केन्द्रों के इनोवेशन्स को एचजीएच इंडिया २०२२ में डिस्प्ले किया जाएगा।

अगले ३-५ वर्षों के लिए होम कैटेगरी के अधिकांश उत्पादों की २०%से अधिक पूर्वानुमानित वार्षिक मांग बढ़ोतरी के साथ, भारतीय बाजार अच्छे समय की ओर अग्रसर है। क्या आप इस बढ़ते अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए एचजीएच इंडिया में आने के लिए तैयार हैं?

World of Sleep
a joint initiative by HGH | ISPF

# वर्ल्ड ऑफ स्लीप की बेहतर स्लीप कल्पनाओं के साथ वापसी

पिछले संस्करण, जिसमें आईसीपीएफ (इंडियन स्लीप प्रोडक्ट्स फेडरेशन) के साथ मिलकर एचजीएच इंडिया द्वारा **वर्ल्ड ऑफ स्लीप** को पेश किया गया था, में विजिटर्स को विशेष रूप से मैट्रेसेस रिटेलर्स द्वारा शानदार रेस्पोंस दिए जाने के बाद, इस कन्सेप्ट को आगे बढ़ाया जाएगा। **वर्ल्ड ऑफ स्लीप** के विशेषज्ञ इस संबंध में मार्गदर्शन करेंगे कि नींद की गुणवत्ता किस प्रकार से हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करती है और नींद की बेहतर गुणवत्ता के साथ किस प्रकार से बेहतर स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है। वर्ल्ड ऑफ स्लीप द्वारा इनोवेशन्स पर ज्ञान और जानकारी और उत्पादों तथा सामग्रियों के संबंध में नए रूझानों को प्रदान किया जाता है जिससे बेहतर नींद में सहायता मिलती है। इसके द्वारा नींद की गुणवत्ता से संबंधित तत्वों जैसे प्रकाश, वायु की गुणवत्ता, कमरे के तापमान, दीवारों के रंग, एरोमा तथा सुगंध आदि पर भी शोध निष्कर्षों को साझा किया जाएगा। अर्थात, बेहतर नींद से जुड़ी प्रारम्भिक चीजों जैसे बेड, मैट्रेसेस, पिल्लोज, बेड शीट्स तथा कम्फर्टर्स से संबंधित नवीनतम इनोवेशन्स और सुधारों को भी **वर्ल्ड ऑफ स्लीप** में विशेषज्ञों द्वारा साझा किया जाएगा।





स्प्रिंगफिट

बेहतर गुणवत्ता वाली नींद के स्वास्थ्य लाभों के संबंध में उपभोक्ताओं की बढ़ती जागरूकता लगातार इनोवेशन को बढ़ावा देती है।। स्लीपवेल, किंग कॉयल, नीलकमल, सेंचुरी, स्प्रिंगफिट, रिफ्रेश, एम.एम.फोम और अन्य अनेक अग्रणी ब्रांड्स द्वारा मैट्रेसेस, पिल्लोज, बेड, कम्फर्टर्स आदि की नवीनतम रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा। नए कम्बिनेशन्स में मेमोरी फोम, बॉक्स स्प्रिंग, लेटेक्स, कॉयर, पीयू फोम से लेकर, नई पीढ़ी के सिंथेटिक तथा प्राकृतिक सामग्रियों जैसे जेल, पानी, हवा, कपास, वुडन स्प्रिंग्स का अब प्रयोग किया जा रहा है ताकि स्वस्थ और अधिक सुविधाजनक नींद के संबंध में नए अनुभवों का सृजन किया जा सके।

नए उद्यमियों जैसे जूमेक्स को देखना रूचिकर रहेगा जो एचजीएच इंडिया में नींद संबंधी नए विचारों को प्रस्तुत करने का वादा कर रहे हैं।

**वर्ल्ड ऑफ स्लीप** पैविलियन जो कि एचजीएच इंडिया के हॉल नम्बर १४ में लगाया है, उसे मैट्रेसेस तथा स्लीप उत्पादों से जुड़े सभी रिटेलर्स, वितरकों और संस्थागत क्रेताओं को अवश्य देखने आना चाहिए ताकि इस खंड में वे अपने भावी बिजनेस आइडिया कि दिशा को तय कर सकें। यह रिटेलर्स को अपने मौजूदा स्टोर से मैट्रेसेस, पिल्लोज और अन्य स्लीप उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए बेहतर तैयारी करने में भी मदद करेगा।

# लीडर्स द्वारा एक नई कुकवेयर स्टोरी को तैयार किया गया

अनेक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय ब्रांड्स तथा कुकवेयर सेग्मेंट में नए प्रवेश करने वाले उद्यमी तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में अपने-अपने हिस्से को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके परिणामस्वरूप डिजाइन के संबंध में निरन्तर नवोन्मेष जारी है, उत्पाद की विशेषताओं में सुधार हो रहा है और सभी कीमत खंडों में गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। क्योंकि युवा भारतीय उपभोक्ता इको-फ्रेंडली, ऊर्जा की कम खपत करने वाली और स्वस्थ कुकिंग पर ध्यान देता है, जो उनकी जीवनशैली के अनुकूल होती है, इसलिए कुकवेयर और किचन के एप्लायंसेज में इनोवेशन्स के नए तत्वों में नवीनतम तकनीक, फैशन कलर, सुरक्षित सामग्रियां, स्मार्ट ऑपरेशंस और सुविधा के अलावा पर्यावरण अनुकूलता शामिल है। परम्परागत नॉन-स्टिक टाइप्स को प्रतिस्थापित करते हुए, सोलर कुकर, ब्राइट कलर्ड फूड प्रोसेसर्स, नुट्रिएंट सेफ जूसर्स और कुकवेयर जिसके साथ स्वास्थ्य-सुरक्षा कोटिंग उपलब्ध कराई जाती है को ऑफर करने में विभिन्न ब्रांड्स एक दूसर से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

ध्यान देने वाली बात है कि स्वस्थ विकल्प के रूप में प्रीमियम पर परम्परागत कास्ट आयरन कुकवेयर फिर से प्रचलन में आ रहे हैं।

अनेक अग्रणी ब्रांड्स जैसे हॉकिन्स, विनोद कुकवेयर, मेयेर, यूनाइटेड एकता, स्तहल, महाराजा, ओके, भालारिया, रोक्स, एफएनएस, मैक्लाइट, सेलो, डेलीवेयर, रोका, ब्लैक डायमंड, क्लासिक एसेंशियल द्वारा अपनी नवीनतम कुकवेयर रेंज को प्रदर्शित किया जाएगा।



यूनाइटेड एकता



विनोद



मेयेर



स्तहल

बदलती मार्केट स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यूनाइटेड एकता, जो कि प्रेशर कुकर्स के संबंध में एक जाना-पहचाना ब्रांड है, द्वारा अनेक नए उत्पादों और साथ ही मौजूदा रेंज में इनोवेशन्स को लांच किया जाएगा। एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में किचन और होम एप्लायंसेज जैसे मिक्सर, ग्राइन्डर्स, हैंड ब्लैंडर्स, टोस्टर्स, सैंडविच मेकर्स, इलेक्ट्रिक आयरन को पहली बार लांच किया जाएगा। इसके अलावा, इस ब्रांड द्वारा नए फीचर जिसे उनके इंडक्शन कुकटॉप्स में बोनट स्टैंड कहा जाता है, को लांच किया जा रहा है, जो इसकी सफाई को बहुत सुविधाजनक और प्रभावी बनाता है। ब्रांड द्वारा यह दावा किया गया है कि यह खास फीचर है जिसे भारत में पहली बार पेश किया जा रहा है।

हॉकिंस जो कि प्रेशर कुकर के मामले में भारत में एक पुराना और जाना पहचाना नाम है, वह भी अपनी रेंज को रिइन्वेंट कर रहे हैं। अल्यूमिनियम और स्टेनलेस स्टील के प्रेशर कुकर्स के अलावा, एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में वे अपने ट्राई-प्लाई और डाई कास्ट कुकवेयर जैसे एप्पे पैन, फ्राइंग पैन और ग्रिल पैन को लांच करेंगे।

मेयेर जो कि जाना पहचाना अमरीकी कुकवेयर ब्रांड है, जो भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना चुका है, वह भी एचजीएच इंडिया २०२२ में कई नए कन्सेप्ट पेश करने जा रहे हैं। ब्रांड द्वारा अनेक एनामेल्ड कास्ट आयरन पॉट्स तथा पैन्स को लांच किया जाएगा जो कीमत से प्रभावित होने वाले उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से और भारत में मार्केट बेस के विस्तार के लिए किये जा रहे हैं। इसके द्वारा अपनी मेयेर एस्सेंट सीरीज़ को भी लांच किया जाएगा जिसमें इसके द्वारा अलग-अलग साइज़ और अलग-अलग इस्तेमाल के लिए छह फ्राइंग पैन्स को ऑफर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय रूझानों को ध्यान में रखते हुए, मेयेर द्वारा बिना हैंडल्स के अपने टेस्ला ट्राई-प्लाई सीरीज कुकवेयर को लांच किया जाएगा, जिसमें परम्परागत भारतीय कुकवेयर की याद आ जाती है।

परम्परागत कुकिंग विचारों को अपग्रेड करने के लिए आधुनिक तकनीक अनिवार्य है। कुकिंग के क्षेत्र में निरन्तर परिवर्तन हो रहे हैं। कुकवेयर, किचनवेयर तथा किचन एप्लायंसेज बेहतर कार्यकुशलता, जगह की बचत और सुविधा के लिए एकीकृत होते जा रहे हैं।

२०२२ की पहली तिमाही में, भारत भर के रिटेलर्स द्वारा तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों जैसे ट्राई प्लाई कुकवेयर, इंडक्शन कम्पैटिबल और स्मार्ट एप्लायंसेज जैसे कोल्ड प्रेस्ड जूसर्स, ग्रिलर्स, टोस्टर्स, मिक्सर्स, तथा हैंड ब्लेंडर्स की बढ़ी हुई मांग का अनुभव किया है। मार्केट के लीडर्स जैसे विनोद कुकवेयर, स्तहल, एफएनएस, भालारिया, सेलो और अनेक अन्य द्वारा एचजीएच इंडिया २०२२ में कई नए लांच के परिणामस्वरूप इस रूझान में तेजी ही आएगी।

# ट्रेंड्स २०२२/२३

एचजीएच इंडिया ट्रेंड्स घरेलू उत्पादों के बाजार पर सामाजिक, जीवन शैली और तकनीकी परिवर्तनों के प्रभाव को दर्शाता है। हर वर्ष, एचजीएच इंडिया द्वारा भावी कलर्स, डिजाइन्स, सामग्रियों और शैलियों का पूर्वानुमान व्यक्त किया जाता है जिनके द्वारा होम फैशन तथा भारतीय मार्केट में लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है।




**''विंड्स ऑफ चेंज''** – एचजीएच इंडिया द्वारा आपके लिए लाए गए ट्रेंड्स वर्ष **२०२२/२३** के लिए दृढ़ता से उभरते रंगों, डिजाइनों और सामग्रियों का एक अच्छी तरह से शोध किया गया एकीकरण है। आपको इस ट्रेंड बुक में व्यापक डिजाइन डायरेक्शन देखने को मिलेंगी ताकि आप आने वाले सीजन के लिए अपने नए कलेक्शन का सृजन कर सकें या उसे प्राप्त कर सकें। यह ट्रेंड्स द्वारा भारतीय बाजार के लिए **२०२२-२३** के लिए चार समूहों- **हीलिंग ग्रीन, इको आर्टिस्ट, पर्पल एवेन्यू तथा पीसफुल अम्बर** में डिजाइन तत्वों का वर्णन करते हैं। **२०२२/२३ के लिए एचजीएच इंडिया ट्रेंड्स** सभी होम श्रेणियों – होम टेक्स्टाइल्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, होम डेकॉर, एक्सेंट फर्नीचर, हाउसवेयर तथा उपहार सभी पर लागू होते हैं।

पूरी दुनिया में व्याप्त अनिश्चित परिवेश के बावजूद, वैश्विक मानचित्र पर भारत निरन्तर प्रगति कर रहा है और सशक्त होकर उभर रहा है। यहां पर उपभोक्ता उच्च अभिभाषाएं रखते हैं और आधुनिक तथा अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद को पसंद करते हैं लेकिन उसके साथ परम्परा या सांस्कृतिक फ्लेवर भी चाहते हैं।

मैन्यूफैक्चर्स, ब्रांड्स, रिटेलर्स, तथा पेशेवरों के लिए यह ट्रेंड बुक उपयोगी साबित होगी जिससे वे अपने प्रोडक्ट डिजाइन को इनोवेट कर सकेंगे तथा भारतीय महत्वकांक्षी उपभोक्ताओं के साथ जुड़ सकेंगे। आगे बढ़िए और अपनी डिजाइन संवेदनशीलता का पता लगाने के लिए इन ट्रेंड्स का इस्तेमाल करें और भारतीय मार्केट के लिए वास्तविक उत्पादों में इनोवेटिव डिजाइन बनाने के लिए उनका उपयोग करें।

रिटेलर्स और विजिटर्स एचजीएच इंडिया २०२२ में हॉल नम्बर १५ में ट्रेंड्स पवेलियन पर आकर भावी होम फैशन ट्रेंड्स को जान सकते हैं और उसे समझ सकते हैं, जिसमें **''विंड्स ऑफ चेंज''** शीर्षक के अंतर्गत इन चार विषयों के वास्तविक उत्पाद एप्लिकेशन को दर्शाया गया है।

आप इस ट्रेंड्स पवेलियन और एचजीएच इंडिया की अन्य लोकेशन पर ट्रेंड बुक की अपनी प्रति भी खरीद सकते हैं जिसका शीर्षक **''विंड्स ऑफ चेंज''** है।

# सरकार और उद्योग की तरफ से विस्तृत सहायता

पिछले एक दशक से एचजीएच इंडिया द्वारा न केवल अपने आकार और दर्जे में विस्तार किया गया है, बल्कि अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए निरन्तर बेहतर कारोबारी परिणाम भी प्रस्तुत किए हैं। आज, यह ट्रेड शो भारत में और विश्व स्तर पर भारतीय घरेलू बाजार के लिए एक प्रभावी विंडो के रूप में जाना जाता है, जो भारत भर के ५०० से अधिक शहरों और कस्बों से ३६,००० से अधिक गंभीर ट्रेड खरीदारों के साथ अपने प्रदर्शकों को जोड़ता है। एचजीएच इंडिया के प्रदर्शकों में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय और भारतीय ब्रांड, डिजाइनर, बड़े निर्माता, एमएसएमई इकाइयां, आयातक और निर्यातक शामिल हैं। विभिन्न महाद्वीपों के ३२ देशों से मार्केट लीडर्स से लेकर शीर्ष भारतीय ब्राड्स और बहुराष्ट्रीय उद्यमी एचजीएच इंडिया में नियमित रूप से अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं।





हस्तशिल्प, हैंडलूम और कुटीर क्षेत्र एचजीएच इंडिया के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रहे हैं, जो भारत के राष्ट्रीय बाजार के लिए एक लंबी अवधि के प्रवेश द्वार की तलाश कर रहे हैं। इस प्रकार के अधिक से अधिक छोटे मैन्यूफैक्चर्स वर्ष-दर-वर्ष भली भांति जाने पहचाने ऑफलाइन और ऑनलाइन रिटेल चेन्स के साथ जुड़ते जा रहे हैं। ५०० से अधिक नगरों और कस्बों के ३६,००० गंभीर खरीददारों में से ७०% से अधिक क्रेताओं ने एचजीएच इंडिया को सोर्सिंग, ट्रेंड्स, और मार्केट जानकारी के लिए अपने वार्षिक कैलेण्डर का हिस्सा बना लिया है। होम कैटेगरी (जिसमें ऑफलाइन और ऑनलाइन रिटेलर्स शामिल हैं) में भारत में शीर्ष १०० रिटेल श्रृंखलाओं और वितरकों में से ९५% द्वारा नियमित रूप से एचजीएच इंडिया में विजिट की जाती है। एचजीएच इंडिया के ९०% से अधिक के विजिटर्स, वरिष्ठ निर्णयकर्ता होते हैं। इसके अलावा, लगभग २८ देशों के व्यापार खरीदार, मुख्य रूप से एशिया और अफ्रीका के उभरते बाजार भी नियमित रूप से एचजीएच इंडिया का दौरा करते रहे हैं, जिससे होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर और उपहार की श्रेणियों में भारतीय उत्पादों के लिए एक अप्रयुक्त निर्यात क्षमता पैदा हो रही है।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिटेलर्स, आयातक और संस्थागत क्रेताओं के साथ छोटे और मध्यम उद्यमों को जोड़ने में एचजीएच इंडिया की क्षमताओं और प्रभाविकता को स्वीकार करते हुए वस्त्र मंत्रालय और भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई मंत्रालय,वस्त्र मंत्रायल, भारत सरकार के अंतर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प तथा विकास आयुक्त हैंडलूम; उत्तर प्रदेश सरकार, हरियाणा सरकार द्वारा कुछ ट्रेड शो में से एचजीएच इंडिया को अनुमोदित किया है जिसके परिणामस्वरूप पात्रता रखने वाले प्रदर्शक विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत मार्केट विकास अनुदान या सब्सिडी सहायता प्राप्त कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी भागीदारी की लागत कम हो जाएगी।

भली भांति स्थापित उद्योग की अगुवाई वाले संगठन जैसे एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच), नेशनल जूट बोर्ड (एनजेबी), नेशनल डिजाइन सेंटर (एनडीसी), नॉथ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन एंड रिसर्च (एनईसीटीएआर), इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कार्पेट टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी), नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएचडीसी), इस्टर्न उत्तर प्रदेश एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (ईयूपीईए), डायरेक्टरेट ऑफ हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ कश्मीर (डीएचएचके), आंध्र प्रदेश हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अपने सदस्यों की नियमित भागीदारी की व्यवस्था की जाती है। एचजीएच इंडिया २०२२ में भी उनके सदस्यों द्वारा अनेक खास और इनोवेटिव होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर और उपहार उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा- जिनमें से अधिकांश को होम-क्राफ्ट किया गया है- और रिटेलर्स तथा संस्थागत क्रेताओं के लिए सोर्सिंग के लिए नए आयाम को पेश किया जाएगा।

पिछले ११ वर्षों से, एचजीएच इंडिया स्पष्ट रूप से होम टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग, होम फर्निचर, होम डेकॉर, हाउसवेयर तथा उपहारों के तेजी से उभरते भारतीय मार्केट पर ध्यान केन्द्रित करने वाले प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा ट्रेड शो तथा एक विश्वसनीय पसंद बन कर उभरा है। स्पष्ट रूप से इन कारोबारों के सभी हितार्थी – सरकारी, निजी या अंतर्राष्ट्रीय- एचजीएच इंडिया में सहज महसूस करते हैं।

## विजिटर प्रोफाइल

पूरे भारत में से ५०० से अधिक शहरों और कस्बों से प्री–रजिस्ट्रेशन यह दर्शाते हैं कि १२–१५ जुलाई, २०२२ के दौरान इंडिया एक्स्पो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए जाने वाले एचजीएच इंडिया, २२, ऑटम/ विंटर एडिशन में रिटेलर्स और ट्रेड क्रेताओं की बहुत अधिक रूचि है। इन विजिटर्स के कारोबारी प्रोफाइल में रिटेलर्स, वितरक, आयातक, निर्यातक, थोक विक्रेता, एजेन्ट, लार्ज फॉर्मेट स्टोर्स, संस्थागत क्रेता, आर्किटेक्ट्स, इंटेरियर डिजाइनर्स, और अंतर्राष्ट्रीय क्रेता शामिल हैं। विजिटर्स में ९०% विजिटर अपने–अपने संबंधित संगठनों में सोर्सिंग और बिजनेस के वरिष्ठ निर्णयकर्ता हैं। उनका लक्ष्य, आने वाले त्यौहारी सीज़न के लिए सोर्सिंग करना, इनोवेटिव उत्पादों का पता लगाना, नए बिजनेस आइडिया प्राप्त करना और २०२२/२३ के लिए भावी फैशन ट्रेंड्स की जानकारी पाना और मार्केट तथा उद्योग के दिशा–निर्देशों के बारे में जानकारी प्राप्त करना, जिससे उनको अपने कारोबार की बेहतर प्लानिंग में सहायता मिलेगी। एचजीएच इंडिया २०२२ उनके लिए अपने नियमित आपूर्तिकर्ताओं और साथ ही नए सोर्स के साथ जुड़ने का एक शानदार अवसर भी साबित होगा।

इस बार विजिटर द्वारा सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से रजिस्ट्रेशन करवाए गए हैं। मेट्रो और बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुम्बई, बैंगलूरू, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुणे, नागपुर, लुधियाना, जयपुर, चण्डीगढ़ तथा इंदौर से आने वाले शीर्ष रिटेलर्स ने भी रजिस्ट्रेशन करवाया है। राज्यों की सभी राजधानियों और टियर II तथा टियर III शहरों और कस्बों से बड़ी संख्या में रिटेलर्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया गया है, जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि भारतीय होम प्रोडक्ट्स मार्केट का प्रचार प्रसार बहुत अधिक बढ़ रहा है और एचजीएच इंडिया में पूरे देश से अधिक से अधिक विजिटर रूचि दिखा रहे हैं।

२०० से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विजिटर्स द्वारा, मुख्य रूप से उभरते बाजारों से, २४ देशों से रजिस्ट्रेशन करवाया गया है, जो इन प्रदर्शकों के लिए एक आकर्षक निर्यात मार्केट अवसर बना देता है।

## एचजीएच इंडिया 2022

**आगंतुकों (विजिटर्स) के लिए समय–अवधि**

12 जुलाई: सुबह 9.00 बजे से शाम 06.30 बजे तक

13 जुलाई: सुबह 9.00 बजे से शाम 06.30 बजे तक

14 जुलाई: सुबह 9.00 बजे से शाम 06.30 बजे तक

15 जुलाई: सुबह 9.00 बजे से शाम 05:00 बजे तक

**HGH INDIA® 2022**
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

**12-15 JULY 2022**
**11th EDITION**

## ट्रेड विजिटर्स !
## प्रवेश शुल्क में रु.1,000 की बचत करें
## तथा 2 जुलाई, 2022 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं

एचजीएच इंडिया का आयोजन दिल्ली एन.सी.आर. में 12 से 15 जुलाई, 2022 के दौरान किया जाएगा।
वर्ष 2022/23 के लिए पूर्वानुमानित फैशन एवं जीवन–शैली सम्बंधी रुझानों से प्रेरित...
400 से भी अधिक ब्रांडों और निर्माताओं के नए एवं उच्च क्वालिटी उत्पादों पर नजर डालें।
अपने प्रतिस्पर्धियों से पहले उन्हें प्राप्त करें

प्रदर्शित उत्पाद




**होम टेक्सटाइल्स**, फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टेंस एंड ब्लाइंड्स, बेड लिनेन, डेकोरेटिव मेड–अप्स, मैट्रेसेस तथा पिल्लोज, कार्पेट्स, बाथ लिनेन, टेबल और किचन लिनेन, **होम डेकॉर** सीलिंग, वॉल्स, विंडोज, फ्लोर कवरिंग, टेबल टॉप्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, लाइफस्टाइल, **होम फर्नीचर** कॉफी टेबल्स, मैगजीन रैक्स, वॉल सेपेरेटर्स, बीन बैग्स, सिंगल चेयर, रैक्स और ट्रॉली, एक्सेंट फर्नीचर, सोफाज, बेड सेट्स, अलमारी, बेबी और किड्स फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर, **गिफ्ट्स** कॉरपोरेट, पर्सनल और फेस्टिव। **हाउसवेयर** किचन एप्लायंसेज, किचनवेयर, कुकवेयर, टेबलवेयर, बाथरूम, मेंटेनेंस, क्लीनिंग, स्टोरेज, आउटडोर, **सर्विसेस**

### विशेष लाभों का आनंद लें!

- एचजीएच इंडिया २०२२ में नि:शुल्क प्रवेश प्राप्त करें ।
- प्री–रजिस्टर्ड विजिटर के रूप में स्थल पर अपना बैज प्राप्त करने के लिए समय बचाएं। आपके ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद आपको भेजे गए प्री–रजिस्ट्रेशन QR कोड से आप सीधे अपने बैज को प्रिंट कर सकते हैं।
- एचजीएच इंडिया २०२२ कैटलॉग की एक नि: शुल्क प्रति
- एचजीएच इंडिया के कम्प्लिमेंट्री हॉट लाउंज, फ्रूट लाउंज,पॉप कार्न लाउंज तथा शटल बस सर्विस तथा प्रामाणिक विजिटरों के लिए अन्य सुविधाएं।

*इन लाभों का लाभ प्राप्त करने तथा स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क की बचत करने के लिए,* आपको २ जुलाई, २०२२ से पहले हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।

### नि:शुल्क विजिटर रजिस्ट्रेशन दिशानिर्देश

- नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। ऐसे सभी विजिटर्स जिन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, उन्हें ट्रेड शो में प्रवेश के लिए रु.१,०००/– के स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान करना होगा।
- प्रदर्शकों या संयोजकों की तरफ से प्राप्त कोई भी आमंत्रण पत्र आपको ट्रेड शो वैन्यू में नि:शुल्क स्पॉट रजिस्ट्रेशन का हकदार नहीं बनाता है।
- ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तारीख २ जुलाई, २०२२ है।

**नियमित विजिटरों के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ नि:शुल्क प्रवेश के लिए चरण:**

१. www.hghindia.com पर ''विजिटर रजिस्ट्रेशन'' पर क्लिक करें या उपरोक्त QR कोड को स्कैन करें ।
२. अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी दर्ज करें।
३. OTP भेजें पर क्लिक करें।
४. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी पर प्राप्त OTP को दर्ज करें।
५. आपका पहले से ही भरा हुआ फार्म खुल जाएगा। कृपया फार्म में ब्यौरे की जांच कर लें (नाम, पता, टेलीफोन नम्बर, मोबाइल नम्बर तथा ईमेल आईडी)।
६. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फार्म को पूरा करें।
७. ईमेल और एसएमएस के जरिए विजिटर रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा QR कोड प्राप्त करें , जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है।
८. अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर या QR कोड को अपने मोबाइल फोन या प्रिंट फार्मेट में ट्रेड शो में लेकर आएं ।
९. अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर कोड या एचजीएच इंडिया २०२२ में प्रि–रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क पर अपने QR कोड को स्कैन करें ताकि आप अपना बैज प्रिंट कर सकें।

**नए विजिटरों के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ नि:शुल्क प्रवेश के लिए चरण:**

१. www.hghindia.com पर ''विजिटर रजिस्ट्रेशन'' पर क्लिक करें या उपरोक्त QR कोड को स्कैन करें।
२. अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी दर्ज करें।
३. OTP भेजें पर क्लिक करें।
४. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी पर प्राप्त OTP को दर्ज करें।
५. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फार्म को पूरा करें।
६. ईमेल और एसएमएस के जरिए विजिटर रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा QR कोड प्राप्त करें, जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है।
७. अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर या QR कोड को अपने मोबाइल फोन या प्रिंट फार्मेट में ट्रेड शो में लेकर आएं।
८. अपना रजिस्ट्रेशन कोड दिखाए या एचजीएच इंडिया २०२२ में 'प्रि–रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क' पर अपने QR कोड को स्कैन करें ताकि आप अपना बैज प्रिंट कर सकें।

### महत्वपूर्ण नोट्स

१. एचजीएच इंडिया में नि:शुल्क प्रवेश के लिए एट्री बैज आपकी व्यक्तिगत हकदारी है और यह पूरी तरह से अहस्तांतरणीय है।
२. यदि आप पहले से ही पिछले वर्षों के दौरान एचजीएच इंडिया के रजिस्टर्ड विजिटर हैं, तो कृपया संयोजकों से अपनी संदर्भ संख्या प्राप्त कर लें और एचजीएच इंडिया २०२२ के लिए अपने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को रिन्यू करवाने के लिए उसका इस्तेमाल करें।
३. एचजीएच इंडिया २०२२ में नि:शुल्क प्रवेश के लिए सभी पिछले विजिटरों के रजिस्ट्रेशन का रिन्यूअल अनिवार्य है। यदि रिन्यू नहीं करवाया जाता है, तो १,०००/– रूपये की स्पॉट रजिस्ट्रेशन फी का भुगतान करना होगा।
४. एचजीएच इंडिया पूरी तरह से एक ट्रेड शो है। इसलिए, उपभोक्ताओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है। किसी भी प्रकार की रिटेल खरीददारी की अनुमति नहीं है। यदि आप रिटेल खरीददारी करते हुए पाए जाते हैं, आपको एक विजिटर के रूप में अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
५. १५ वर्ष से नीचे के बच्चों को अनुमति नहीं है।
६. संयोजकों के पास अपने विवेकाधिकार पर किसी भी विजिटर को प्रवेश देने से मना करने का अधिकार सुरक्षित है।

**और अधिक सहायता या पूछताछ के लिए, कृपया सम्पर्क करें**

श्री अमर शर्मा: + 91 99 676 00286/ श्री एलाका अंसारी: + 91 99 301 72973, ईमेल: visitors@hghindia.com

**www.hghindia.com**

रजिस्ट्रेशन के लिए:www.hghindia.com मुम्बई: टेलीफोन: +91 (22) 2421 4111, दिल्ली: टेलीफोन: +91 (11) 2571 4111 Email: visitors@hghindia.com